नागराज और ताजमहल की चोरी

मुफ्त
नागराज का एक पोस्टर

नागराज और ताजमहल की चोरी

कथानक : राजा
सम्पादक : मनीष चंद्र गुप्त
कला निर्देशन : प्रताप मुल्लीक
चित्र : चंदु
सुलेख : पालवणकर

नागराज जिसका सफर अनन्त है, क्योंकि उसने विश्व को अपराध व अपराधियों से मुक्त कराने की कसम उठाई है –
शिकांगी नेवले द्वारा ऐतिहासिक मूल्यों की वस्तुओं की चोरी!

नागराज विश्वेश्वरैया म्यूजियम में –
शायद शिकांगी नेवला यहां भी आक्रमण करे!

शिकांगी नेवले ने तो नहीं हां कुछ नकाबपोश लुटेरों के गैंग ने वहां धावा बोला –
यह टीपू की तलवार है। नागराज, इससे नहीं बच सकते तुम।
उफ! यह तो मेरा गला ही काट देगा।
नागराज व नकाबपोश की टीपू की तलवार के बीच हुई रोमांचक लड़ाई के बारे में जानने के लिए पढ़ें – 'नागराज और बौना शैतान'

फिर नागराज की टक्कर हुई मार्शल आर्ट्स के जादूगर बौना शैतान से –
नागराज ने बौना शैतान को कैसे परास्त किया, जानने के लिए पढ़ें – 'नागराज और बौना शैतान'

और तब अचानक एक दिन शहर के सभी अखबारों में यह विज्ञापन छपा –
पूरे विश्व में तहलका मच गया इस खबर से।

और शिकांगी नेवला विज्ञापन वाले नकाबपोश को कैद करके अपने साथ ले चला –
यहां तक आपने पढ़ा – 'नागराज और बौना शैतान' में। अब आगे पढ़ें –

उस दिन पूरे विश्व में तहलका मच गया, जब यह खबर अखबार में छपी —
लोकसत्ता
ताजमहल की चोरी
शिकांगी नेवले द्वारा आनेवाले बुधवार को ताजमहल की चोरी का दावा। ताजमहल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई।

ताजमहल की चोरी का दावा

हर तरफ अजीब सी उत्तेजना फैल गई —
ताजमहल की चोरी असम्भव है।

ताजमहल को क्या कोई खिलौना समझ रखा है! कोई पागलपन ही लगता है यह तो।

कल तक की ही तो बात है। सब सामने आ जाएगा। इस शिकांगी ने भारत में तहलका मचा रखा है।

इधर भारत में पुलिस, प्रशासन और प्रजा सभी घबराए हुए थे —
यह विज्ञापन दाता नकाबपोश इसी होटल में है। उसे गिरफ्तार कर लो। क्योंकि अब हमारे पास दिल्ली दरबार का आर्डर है।
HOTEL SEA MARINE
पुलिस दलबल ने होटल पर धावा बोला।

लेकिन अज्ञात नकाबपोश का कमरा खाली मिला —
कहां गया वह ?
लगता है सर, सिचुएशन बिगड़ती देख खिसक गया होगा वह।
और उन्हें खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा।

उसी दिन अखबारों में —
जनसत्ता दैनिक
विश्व आतंकवाद के दुश्मन नागराज का दावा है कि वह कल शिकांगी की ताजमहल की चोरी की योजना विफल कर देगा। उसके रहते ताजमहल का बाल भी बांका नहीं हो सकता।

इस खबर ने लोगों को निश्चिंत कर दिया —
अब कोई भी ताजमहल की चोरी नहीं कर सकता।
नागराज के होते ऐसा हो ही नहीं सकता।

विश्व का आठवां आश्चर्य ताजमहल —

देखते ही देखते ताजमहल दर्शकों के लिए बंद कर दिया गया —
जगह खाली कर दीजिए। जल्दी कीजिए, शहर में आज कर्फ्यू रहेगा।
कोई मूर्ख बना रहा है सबको।
और इनकी क्या जरूरत यहां पर, यहीं कहीं नागराज भी तो होगा नेवले को भगाने के लिए।

ताज के चारों तरफ घेरा डाल दिया गया —
चोरी कैसे हो सकती है इतनी बड़ी इमारत की।
सोचकर ही हंसी आती है।

आधुनिक हथियार भी —
क्या यह सब एक नेवले के लिए।

तब अचानक ताजमहल के दूधिया गुम्बद पर नजर आया काला नेवला —

दूधिया गुम्बद पर काला नेवला भला निगाहों से कैसे बच सकता था —
अरे, देखो नेवला!
ने... नेवला वही काला नेवला निकला!
इस पर प्लास्टिक की बुलेट्स से वार करो!
धांय

नेवले को गोली लगी और...
वो मारा!
धांय धांय

वह नीचे आ पड़ा —
लोग कहते थे इस पर गोलियों का असर नहीं होता! प्लास्टिक की एक गोली से मारा गया!

किन्तु अभी अफसर उसे लेकर पलटा ही था कि —
अब शहर से कर्फ्यू हटा देना चाहिए, खतरा टल गया है!
सर!

पुलिस अफसर तिलका —
क्या बात है सिपाही ?
सर, उधर देखिये! चमत्कार हो गया।

महान आश्चर्य देखा उसने। ताजमहल के गुम्बद पर चढ़ा अब एक और नेवला दिखाई पड़ रहा था —
हिस्सची

तो क्या यह नकली शिकांगी था सर!
क्या पता ?

हर तरफ से प्लास्टिक की बुलेट्स के फायर किये गए नेवले पर —
धांय
धांय

प्लास्टिक की बुलेट्स से जब ताजमहल को ही खरोंच नहीं लगी तो शिकांगी को क्या होना था —
फलस्वरूप हमला विफल हुआ।

पुलिस रणनीति का दूसरा प्रहार था वाटर टैंक जिसमें से पानी प्रेशर से छूटता था —

पुलिस डिपार्टमेंट को उसकी सफलता पर पूरा विश्वास था—

हिस्स्स्श

लेकिन विश्वास डांवाडोल हो गया। पर शिकांगी नहीं—वह अपनी जगह पर अडिग खड़ा करतब दिखाकर पुलिस वालों को चिढ़ा रहा था—

सर, टैंकर का पूरा पानी समाप्त हो गया, लेकिन वह नेवला वहीं का वहीं है।
AMAZING!

फिर जहरीली गैस—

किन्तु सब व्यर्थ—
इसका हम कुछ नहीं बिगाड़ सकते। यही असली शिकांगी है।

और अगले ही क्षण—
ताजमहल गायब!
ताज चोरी हो गया!
हमारी आंखें धोखा तो नहीं दे रहीं।
अगर ताजमहल दुनिया का आठवां आश्चर्य है तो ताज का चोरी होना दुनिया के नौवें आश्चर्य से कम नहीं है।

पूरी दुनिया में इस खबर से हंगामा मच गया—
शिकांगी नेवला सफल हुआ!
ताजमहल की चोरी हो गई।
नागराज के आश्वासन के बावजूद विश्व का आठवां आश्चर्य गायब।

देश-विदेश के पत्रकारों ने वह जगह घेर ली—

जितने मुंह उतनी बातें—
जब ताजमहल चोरी हो सकता है तो कल को कुतुबमीनार भी, परसों पुराना किला, फिर भारत भी।

मम्मी! अगले महीने आप हमें भारत ले जा रही थीं ताजमहल दिखाने, क्या अब हम ताजमहल नहीं देख पाएंगे।
जरूर मेरे बच्चे, मैं तुम्हें ताजमहल जरूर दिखाऊंगी। भारत में नहीं तो वहां जहां अब वह होगा।

उफ! मुझे अपनी इस फिल्म की ताजमहल में शूटिंग करनी थी। अब क्या होगा?
सर, ऐसा करें ना, कि उस चोर से ताजमहल आप ही खरीद लें।
HOLYWOOD

उधर वह शैतान चोर शिकांगी नेवला अपने मास्टर के कंधे पर—
शाबास शिकांगी! शाबास ताजमहल की चोरी कर ली हमने!
अब कल से हमारे द्वीप पर मेहमानों का आगमन शुरू हो जाएगा खजाने की नीलामी के लिए!
अगले दिन सर रॉबर्ट के द्वीप पर अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों का मेला लगना शुरू हो गया—
हैलो मिस्टर जॉनी, टैक्सास में आपके बिजनेस के क्या हाल-चाल हैं?
हैलो!
एकदम ब्वर!

मिस हिरोशिमा उर्फ मिस किलर जापान के अण्डर वर्ल्ड में इनकी गुप्त युद्ध विद्याओं ने इन्हें बादशाहत दिला रखी है—
स्वागत है!
धन्यवाद!

सम्राट आकीहितो की ताजपोशी पर बड़ा हंगामा मचवाया आपने अपने किलिटेंट्स से!
अरे, कहां सर रॉबर्ट! वह तो कुछ भी नहीं, जो हंगामा आपने भारत में शिकांगी से मचवाया था! उसकी कोई मिसाल है क्या?

मिडल ईस्ट में जुर्म का खुदा यूसुफ बिन अली खान उर्फ मौत का सौदागर—
असलाम वालेकुम रॉबर्ट भाई जान!
वालेकुम ऽ सलाम खान साहब! सफर में कोई तकलीफ तो नहीं हुई!

आपके कहे मुताबिक कल ही दस हजार किलो हाथी दांत बेचा है हांगकांग के टेट हांग-फून को! बदले में सोना लाया हूं अपने शिप में! नीलामी वाले सौदे के लिए।

यूरोप का सबसे खतरनाक गैंगस्टर हान–

सर हान, बेमिसाल है आपका यह यान प्रकाश की गति से चलता है। यहां तक कि रडार तक इसके मामले में धोखा खा जाते हैं।

इसके बिना हम अधूरे हैं सर रॉबर्ट! हमें एक मिनट में पुर्तगाल से स्वीडन और आइसलैण्ड से इटली कहीं भी जाना पड़ सकता है।

जर्मनी, बर्लिन का बेट गन मास्टर हुड–

हैलो मिस्टर हुड! इस बार आपकी निशानेबाजी का प्रदर्शन जरूर देखेंगे।

जरूर सर रॉबर्ट!

अफ्रीका के पोचर्स का सुप्रीम थोडांगा जो कि मानव, कछुवे, हाथी और गैंडे का सम्मिश्रण था–

सम्राट थोडांगा अफ्रीका के जंगलों के बेताज बादशाह विश्व भर में होने वाले अवैध शिकारों में 80 प्रतिशत व्यवसाय आपकी ही छत्रछाया में होता है।

छोटा सा धंधा है बस! सर रॉबर्ट, हम आपके लिए यह तुच्छ सी भेंट लाए हैं।

मिस्र का तूतेन खामेन अपराधियों का मसीहा। एक आम धारणा थी कि यह अदृश्य मानव था। खुद वह अपनी उम्र हजार साल बताता है। खुद को पिरामिडों से निकला फराह राजा तूतेन खामेन कहता है-

और इस तरह सर रॉबर्ट का द्वीप छोटा सा अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों का अड्डा बन गया-

वाह! सर रॉबर्ट की दावत में मजा आ गया!

देखा, उस थोड़ांगा को। कैसे कछुए की तरह गर्दन छुपाए पड़ा है। गैंडे की तरह आराम कर रहा है!

हा हा हा मिस्टर जॉनी, लगता है आपको चढ़ गई है!

महान तूतेन खामेन! आप इतना भारी मुखौटा कैसे पहने रहते हैं हमेशा?

यही मुखौटा हमारी शक्ति का राज है मिस्टर क्रिमर!

सर रॉबर्ट! सुना था कि आपने ताजमहल चुरा लिया है। क्या आप हमें दिखाएंगे?

जरूर दिखाएंगे खान साहब! हमने तो उस नकाबपोश को भी कैद कर रखा है जिसने हमसे ताज की चोरी करवाई थी!

हिस्स

क्या यही है वह नेवला जिसने सब कमाल किए हैं ?
मुझे तो यह साधारण सा नेवला लगता है !

तभी—
मिस हिरोशिमा! आपके गले का हार कहां गया ?
अरे-रे रे ! मेरा हार कहां गया ? पचास करोड़ का हार था वह !

वह हार मिस्टर बेम बेम बिगेलो की जेब में पड़ा है। और यही शिकागी का कमाल है
?

फिर वह महफिल खत्म हो गई—
मेहरबान, अब हमारे और आपके विश्राम का समय हो रहा है। आप सबसे अनुरोध है कि अपने-अपने कक्षों में चले जाएं और कल सुबह नीलामी के लिए हम सब दीवाने आम में मिलेंगे ! गुडनाइट !
गुड नाइट, सर रॉबर्ट !

दीवाने आम—
उपस्थित साहेबान को हमारा नमस्कार! दीवाने आम में आप सबका स्वागत है!

सर रॉबर्ट आगे बोले—
अब से कुछ ही देर में आपके सामने नीलामी का सामान आएगा! आप बोली लगाएंगे, लेकिन...

...उससे पहले हम आपको एक और मेहमान से मिलाएंगे! आज के चीफ गेस्ट से!

तभी एक दीवार पर लगा पर्दा सरक गया—
इनसे मिलिए! यह है वह नकाबपोश जिन्होंने हमें ताजमहल चुराने का आर्डर दिया है!

फिर दूसरी तरफ का पर्दा भी एक ओर सरक गया—
और यह है ताजमहल!
और सामने था दुनिया का आठवां आश्चर्य यानी—ताजमहल!

तुम्हें अपना वायदा तो याद है ना नकाबपोश!
हां, अच्छी तरह! लेकिन तुमने मुझे कैद किसलिए किया है?

क्योंकि तुम अपने वायदे की ही तरह नकली हो मिस्टर नकाबपोश उर्फ नागराज!

नागराज!
नागराज!
नागराज!

जी हां नागराज! विश्वभर में अण्डर-वर्ल्ड के धंधे में हंगामा मचाने वाला यह मानव आज रोल स्टर रॉबर्ट की कैद में है।

विलियम, चांगो, सीमैन, शंकर शाहंशाह, जैबरा व थूलबाग की तबाही का बदला आज हम सब मिलकर इससे लेंगे और इस खेल के बाद ही नीलामी शुरू होगी।

अब बोलो नागराज, अगर तुम मुझे कुवैत जैसा एक छोटा द्वीप दे सको तो मैं तुम्हें वायदे के मुताबिक छोड़ दूंगा। नहीं तो... नहीं तो... सजा...
...मैं तुम्हें केवल मौत दूंगा रॉबर्ट और ऐसी भयानक मौत दूंगा जिसे पूरी दुनिया याद करेगी।

और फिर शुरू हुआ खूनी खेल नागराज को यातनाएं देने का खेल —
मिस्टर हुड! पहले मैं आपको आमंत्रित करता हूं! नागराज पर अपनी निशानेबाजी का प्रदर्शन करें।
धन्यवाद, सर रॉबर्ट!

हुड जो कि नागराज की नीलामी के लिए नागमणि द्वारा बर्मा की राजधानी रंगून में भी आमंत्रित था। और वह नागराज से हुई अपनी हार का बदला लेना चाहता था —
नागराज! तुमने रंगून में मुझे फायर करने का भी मौका नहीं दिया था! पर आज मैं तुम्हें चैलेंज करता हूं कि मेरी निशानेबाजी से बच के दिखा सके तो मैं यहीं प्राण दे दूंगा!
मुझे चैलेंज कबूल है!
यह सब जानने के लिए पढ़ें-नागराज सीरीज का प्रथम कॉमिक्स-'नागराज'

शीशे की स्क्रीन बीच में से हट चुकी थी! अब नागराज व हुड आमने-सामने थे। नागराज की कलाइयों से नाग छूटे —

और अचानक बेहद खूबसूरती से हुड के हाथों में घूमता पिस्टल पल भर को थमा और...
धांय
धांय
...कुछ फायर हुए...

...और हुड की तरफ बढ़ते नाग हवा में ही शहीद हो गए —
सर्र
सर्र
हुड अब भी खड़ा मुस्करा रहा था।

नागराज हैरान रह गया अपने नागों की असफलता पर-
नागराज! इतने साल मैंने केवल तुम्हें हराने के लिए ही कड़ा अभ्यास किया था। कभी जर्मनी आना तब करेंगे तुम्हारा जोरदार स्वागत!

सुपर हैवी वेट चैंपियन वास्कोडायगामो—
चेहरे पर हैलमेट पहनकर मुझसे लड़ते हैं मुक्केबाज। उनके मुंह तो सूज जाते हैं, इसका क्या होगा।

एक भारी भरकम हथौड़े की तरह का फौलादी मुक्का नागराज के मुंह से टकराया—
इस वार से पत्थर की प्रतिमा तक टूट जाती है।

उस भीषण प्रहार से नागराज का चेहरा फट गया—
मुझे आजाद कर कायर! देख इससे तेज स्वाद का मुक्का न चखाया तो नागराज नहीं नाम मेरा।

फिर वास्कोडायगामो ने नागराज को अपने मुक्कों पर धर लिया—

वास्कोडायगामो के सुन्दर प्रदर्शन से हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा –

फिर अचानक नागराज ने उस पर अपनी जहरीली फुफकार का वार किया –
उफ! यह क्या जहरीली गैस!

और वास्कोडायगामो बेहोश हो गया –
हॉल में खामोशी छा गई।

सर रॉबर्ट की आवाज फिर गूंजी –
कृपया आप लोग यह ना भूलें कि नागराज कई अद्भुत रहस्यमयी शक्तियों का मालिक है। हमने इसीलिए इसे बांध रखा है। अब मैं कुंगफू मास्टर मिस्टर बेम बेम बिगेलो को आमंत्रित करता हूं।

इटली का ग्रेट जिमनास्ट बेम बेम बिगेलो उर्फ 'रबड़ का गुड्डा' पलक झपकते ही डायस पर था –

वैसे सर रॉबर्ट का मान रखते हुए मैंने अपनी कला का एक बहुत छोटा सा प्रदर्शन किया, किन्तु एक लाचार बंधे हुए आदमी पर मैं वार नहीं कर सकता। नागराज मैं भी तुमसे मुकाबले का इच्छुक हूं। लेकिन अखाड़े में। जिंदा हो सका तो फिर मिलेंगे।
जरूर तैयार रहना। मैं तुम्हें इटली में आकर ही ललकारूंगा।

बिगेलो के जाने के बाद सर रॉबर्ट ने आमंत्रित किया डलास के मि० वाह को—
मिस्टर वाह आमंत्रित हैं। अपनी कला के प्रदर्शन के लिए।

स्सर्रर्र

सब इन्सानी दरिन्दे नागराज को कैसी भयंकर तम यातनाएं दे रहे थे—

फिर दरिन्दे ने चाकुओं की झड़ी लगा दी—
स्सर्र

हॉल एक बार फिर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा—
वाह!
वण्डरफुल
बहुत अच्छे!
वेल डन वाह!
फिर वाह ने भी अपना स्थान ग्रहण कर लिया।

फिर सर रॉबर्ट ने ग्रेट तूतेन खामेन व मिस किलर को भी आमंत्रित किया, पर उन्होंने नागराज के बंधे होने के कारण इंकार कर दिया—
सम्राट थोड़ांगा, ग्रेट चांगो आपके खास दोस्त थे। क्या आप उनका बदला लेने डायस पर नहीं आएंगे।
ग्रेट चांगो के बारे में जानने के लिए पढ़ें — 'नागराज की हांगकांग यात्रा'

सम्राट थोड़ांगा मस्त हाथी की चाल से चलते हुए डायस पर पहुंचा—
धम
धम

सम्राट थोड़ांगा मस्त तूफान की तरह नागराज की तरफ दौड़ा—
तुम सबको भूलूंगा नहीं मैं।...

थोड़ांगा के सींग जहर से बुझे थे—
...गिन-गिनकर बदले लूंगा। हाय!
जिन्दा बचे तब तो!

शैतानों के अड्डे पर उपस्थित सभी हैवान उस शैतानी खेल का पूरा मजा ले रहे थे–
वाह! सम्राट थोड़ांगा की अदाएं देखते ही बनती हैं!

तभी एक रोमांचक घटना घटी! एक बिजली सी कौंधी और...
...नागराज की जंजीरें स्वयंमेव खुल गईं!

नागराज ने अपनी तरफ बढ़ते थोड़ांगा को रोका–

असीमित शक्तियों के दो स्वामी भिड़े हुए थे–

उन दोनों के बीच शिकांगी आ गया–इससे पहले कि इस कांटे के मुकाबले का कोई फैसला हो पाता–
सम्राट थोड़ांगा से निवेदन है कि वह अब बीच में से हट जाएं और शिकांगी को इसे फिर कैद करने दें!

उफ! युद्ध बीच में ही छोड़ देना हमारी तौहीन है सर रॉबर्ट! किन्तु आपकी बात भी नहीं टालेंगे हम!
शिकांगी! मुझे इससे बचना होगा!
fenzz
02. OCEAN11

दर्शकों में से कई अपराधी चीखे जिनमें मिडलईस्ट का बादशाह यूसुफ बिन अली खान भी था—
सर रॉबर्ट! इसे फौरन कत्ल कर दीजिए!

नागराज गरज उठा—
क्यों यूसुफ बिन अली खान इतना डर गया कि मिडलईस्ट में मेरा इंतजार भी नहीं कर सका।

तभी शिकांगी ने नागराज पर हमला किया—
उफ! यह मुझे घेरना चाहता है। मुझे अपने बचाव में जल्दी ही कुछ करना होगा।

नागराज ने सर्प शक्ति का इस्तेमाल किया—

किन्तु वह सब वापस लौट आए—

जहरीली फुफकार का भी कोई असर शिकांगी को ना डगमगा सका—
फुस्स

जादूगर शाकुरा के बारे में जानने के लिए पढ़ें पूर्व प्रकाशित – कॉमिक्स 'नागराज और जादूगर शाकुरा'

हॉल में खलबली मच गई इस खबर से—
सर रॉबर्ट उर्फ जादूगर शाकूरा?
मुझे तो लगता है भारी गड़बड़ होने वाली है।
हमें यहां से निकलना चाहिए।

जाओ शिकांगी! तुम्हारा दुश्मन सामने है।

शिकांगी नागराज पर झपटा—
ओह!
हिस्स च्यौं

शिकांगी ने जादुई लकीर फेंकी—
मुझे इस जादुई लकीर से बचना होगा! ये मुझे बांधने की चेष्टा कर रहा है।

इस बार उछलने के साथ ही नागराज ने शाकूरा पर वार कर दिया—
जादूगर शाकूरा! तेरा अंत अब निकट है।

लेकिन—
नागराज! ताजमहल की चोरी तो अपनी जादुई ताकत का एक नमूना तुम्हें दिखाने का एक बहाना था। मैं तो तुम्हें शिकांगी से मिलवाना चाहता था।

लेकिन तुमने मुझ पर वार किया है। इसलिए जवाब तो मुझे भी देना ही होगा। यह रहा जवाब!

धड़ाक
ओह!

शिकांगी पुनः नागराज पर झपटा। नागराज ने जहरीली फुंकार छोड़ी—
लेकिन नागराज की जहरीली फुंकार का भी शिकांगी पर कोई असर नहीं पड़ा।

उफ! अगर इसने मुझे छू लिया तो ये मुझे सम्मोहित कर देगा।

नागराज के नीचे गिरते ही शिकांगी बिजली की तरह उस पर टूट पड़ा—
उफ! अब बचना मुश्किल है।

लेकिन आश्चर्य! ठीक इसी पल एक चमत्कार सा हुआ। एक दूसरा शिकांगी हवा में प्रकट हुआ और—
दूसरा शिकांगी!

जादूगर शाकुरा उछल पड़ा—
दूसरा शिकांगी!

दोनों शिकांगी भयानक ढंग से गुर्राते हुए एक-दूसरे पर टूट पड़े—

शाकूरा वाले झिकांगी की आंखों से चिंगारियां फूट निकलीं —

दूसरे झिकांगी ने वार तोड़ा —

दूसरा झिकांगी शाकूरा वाले झिकांगी पर टूट पड़ा —

और वह दृश्य देखते ही शाकूरा की आंखों से चिंगारियां फूट निकलीं —

अब तेरी बारी है जादूगर शाकूरा!
बाबा गोरखनाथ!
यह यहां भी पहुंच गया?

त्रिकांगी को धारण करने वाला गोरखनाथ की निगाहों से बच नहीं सकता शाकूरा...

...तूने त्रिकांगी का बहुत गलत उपयोग किया है, जिसका दण्ड तुझे भुगतना होगा।
नागराज खत्म कर दो इसे।
जैसी आपकी आज्ञा गुरुजी!

यह सुनते ही हॉल में उपस्थित अपराधियों में भगदड़ मच गई—
भागो, वरना जादूगर शाकूरा के साथ हम भी मरेंगे!
ठहरो! रुको मेरी मदद करो!

सकाट छोड़ूंगा!
सॉरी मिस्टर शाकूरा! तुम हमारे दोस्त सर रॉबर्ट के हत्यारे हो!

ग्रेट तूतेन खामेन, मिस किलर आप भी!
यस मिस्टर शाकूरा, यह आपकी लड़ाई है, आप ही लड़ें!

नागराज ने भागते हुए अपराधियों की तरफ नागरस्सी छोड़ी, किन्तु—
तुम कहां चले शैतानो!
रहने दो नागराज, मुझ पर तुम्हारा यह दाव नहीं चल पायेगा।

इन्हें जाने दो नागराज! इन्हें फिर देख लेना! पहले दूसरे ग्रह के इस खतरनाक मानव से निबट लो!

अब नागराज व जादूगर शाकूरा आमने-सामने थे—
नागराज! तूने मेरा बहुत नुकसान किया है! मैं तुझे बहुत बुरी मौत दूंगा!
मौत सिर्फ तेरी होगी मानवता के दुश्मन!

शाकूरा ने जादुई डंडे को फटकारा—
शायद तुम्हें मालूम नहीं कि शाकूरा अमर है बेवकूफ मानव!
ओह! यह धूल!

शाकूरा का नन्हा जिस्म उछला—

असीमित शक्ति थी उस बौने शैतान में—

वह धूल उड़ाता और...

...नागराज पर टूट पड़ता—

ओह! मुझे इस धूल में कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा! मुझे इसके हाथ से यह जादुई डंडा छीनना होगा!

अब जैसे ही शाकूरा दुबारा नागराज पर झपटा, नागराज ने उस पर सर्प शक्तियों का प्रहार किया—
स्स्स्स

और –

किन्तु अगले पल ही –
अरे, शाकूरा कहां गायब हो गया ?
हा हा हा

अदृश्य होते ही शाकूरा फिर नागराज पर टूट पड़ा –

कहां छुप गया कम्बख्त!

शैतान ने नागराज की पीठ में भाला पैवस्त कर दिया –
हा हा हा ले मर नागराज, आज तेरा अन्त निश्चित है!
ओह!

किन्तु इससे पहले कि वह कोई और शैतानी हरकत कर पाता –
लो नागराज! अब यह अदृश्य नहीं रह पाएगा!
छम्म
??

नागराज ने शाकूरा के भाले को पकड़ा और—

आह!

तब नागराज ने शाकूरा को अपने से अलग किया—
शाकूरा! अब तुम नहीं बच सकते!

और जमीन पर पटक दिया—

नागराज ने अपने शरीर से भाला निकाला—

और शाकूरा के सीने में उतार दिया—

तभी शाकूरा के हाथ में एक रिमोट कन्ट्रोलर नजर आया—
नागराज! मैं हार गया हूं, पर बचोगे तुम भी नहीं! अब कुछ ही क्षणों में यहां जबरदस्त ब्लास्ट हो जाएगा!

और फिर शुरू हुए धमाके—
धड़ाम
धड़ाम

और शाकूरा के समाप्त होते ही बाबा ने बताया —
नागराज! हर पापी का अंत ऐसे ही होता है।
किन्तु बाबा! यह आपकी कैद से कैसे छूट गया और यह शिकांगी इसके पास कहां से आया?

••• नागराज मैं शाकूरा को लेकर जब अपने आश्रम में पहुंचा•••
शाकूरा! मैं कल ही तुम्हारी जादुई विद्याएं अपनी मंत्र शक्ति से समाप्त कर दूंगा।

••• मैंने उसे शिकांगी नेवले के बारे में बताया•••
तुम यहां से भागने की कोशिश ना करना! क्योंकि यह शिकांगी नेवले बहुत खतरनाक होते हैं। जादुई विद्या के माहिर हैं यह।

••• मैं उसे छोड़ आवश्यक कार्यवश आश्रम से बाहर चला गया। वापस आने पर•••
अरे असंभव, यह कैसे हो सकता है! मेरे शक्ति बंधन में बंधा शाकूरा गायब कैसे हो गया?

••• फिर मैं उसका पता करने के लिए समाधिलीन हो गया•••
••• लेकिन शायद उसके पास शिकांगी होने के कारण ही मुझे उसका पता लगाने में इतना समय लगा•••

••• और फिर गहरी समाधि अवस्था में आने के बाद मुझे पता चला कि उस दुष्ट ने कमरे में विचरते एक शिकांगी नेवले को सम्मोहित कर लिया था•••
मैं आपका गुलाम हूं हिस्सी ऽऽ
तुम मेरे सम्मोहन में हो। मेरे गुलाम हो। मुझे आजाद कराओ।

...फिर —
मुझे उसके वर्तमान अड्डे का पता लगा, यानी यहां का! जहां वह तुमसे संघर्षरत था और मैं फौरन यहां आ गया!
आप सही वक्त पर आए बाबा वरना रीकांगी मुझे परास्त कर देता।

किन्तु बाबा, जादूगर शाकूरा तो मर गया! अब ताजमहल का क्या होगा?
ताजमहल वह तो अपनी जगह पर शुरू से ही मौजूद है! वह तो आगरे से हिला भी नहीं था...

...वह जो भी उसने दिखाया था, केवल दृष्टि भ्रम था! हां, बाकी छोटे-मोटे सामान जो उसने चोरी किए वह तुम्हें भारत सरकार को सौंपने होंगे!
यानी सम्मोहन, उफ! उसने पूरे विश्व को बेवकूफ बनाया! उसके मरते ही ताजमहल दिखने लगा होगा!

बिल्कुल सच था यह —
वाह ताजमहल!
अरे यह क्या? ताजमहल वापस आ गया!

अगले दिन पूरे विश्व में यही चर्चा थी —
ताजमहल की वापसी
बच्चों के दोस्त व अपराधियों के दुश्मन नागराज द्वारा जादूगर शाकूरा का अन्त! भारत के प्राचीनतम गौरव की वस्तुओं की वापसी! राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री का धन्यवाद!

महान आश्चर्य! अतिसुंदर!
वाह! मम्मी ताजमहल कितना सुंदर है!
समाप्त